# प्रेस विज्ञप्ति

CISA ने साइबर सिक्योरिटी जागरूकता माह की 21वीं वर्षगांठ की शुरुआत की

*2024 के साइबर सिक्योरिटी जागरूकता माह के दौरान हमारे विश्व को सुरक्षित रखने और व्यक्तियों, व्यवसायों और साथ ही संगठनों को साइबर अटैक्स के प्रति सचेत रखने के लिए संसाधन और उपकरण प्रदान करता है।*

वाशिंगटन – आज, साइबर सिक्योरिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (CISA) ने 21वें साइबर सिक्योरिटी जागरूकता माह की शुरुआत की घोषणा की। पूरे अक्टूबर महीने के दौरान, CISA और नेशनल साइबर सिक्योरिटी अलायंस (NCA) लोगों को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के तरीके के बारे में बताकर "हमारी दुनिया को सुरक्षित" करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

इस अक्टूबर महीने और पूरे वर्ष के दौरान, CISA सभी लोगों को चार आसान कदम अपनाकर हमारी दुनिया को सुरक्षित करने में मदद करने की चुनौती देता है, जिन्हें ऑनलाइन सुरक्षित रहने के लिए हर कोई अपना सकता है:

- **मजबूत पासवडर का परयोग करें** जो लंबे, रैंडम और परतयेक खाते के लिए अनोखा हो, और साथ ही उन्हें जेनरेट करने और सेव करने के लिएए **पासवडर मैनेजर** का उपयोग करें।
- उनसभी **खातों पर म लटी-फ़ै कटर ऑथेंटिकेशन चालू करें** जो इसे परदान करते हैं। हमें अपने सबसे महतवपूणर खातों, जैसे ईमेल, सोशल मीडिया और विततीय खातों पर पासवड र से कहीं अधिक सुर कषा की आवशयकता होती है।
- **फ़िशिंग को पहचानें और रिपोटर करें,** जैसा कि हम हमेशा कहते हैं, किलक करने से पहले सोचें। वयिकतगत जानकारी मांगने वाले अनचाहे ईमेल, टे ट या कॉल से सावधान रहें, और साथ ही अनजान सरोतों से परापत लिंक पर किलक न करें या ऐसे किसी अटैचमेंट को न खोलें।
- **सॉफ़्टवेयर को अपडेट करें** असल में, सॉ टवेयर पर ऑटोमैटिक अपडेट सकषम करें ताकि लेटेसट सिकयोरिटी पैच उन डिवाइसों को निरंतर अपडेटेड रखें जिनसे हम कनेकटेड हैं।

इसके अतिरिक्त, CISA ने विशिष्ट दर्शकों के लिए मार्गदर्शन विकसित किया है, जिसमें निम्न चीज़ें शामिल हैं:

- व्यक्ति और परिवार: CISA व्यक्तिगत खातों को सुरक्षित रखने के मायनों पर जोर दे रहा है, व्यक्तिगत डिवाइस की सुरक्षा, सुरक्षित इंटरनेट ब्राउज़िंग प्रथाओं, सोशल मीडिया का उपयोग और ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा पर मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।
- छोटे और मध्यम आकार के व्यवसाय (SMBs): SMBs को अनोखी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए CISA उन्हें उपकरण और संसाधन प्रदान करके हमारी दुनिया को सुरक्षित करने में मदद करने के लिए काम कर रहा है जो SMB की साइबर सिक्योरिटी सुरक्षा को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है और डेटा ब्रीच या साइबर अटैक के जोखिम को कम करता है, जिससे न केवल हमारे व्यवसाय, बल्कि हमारे समुदाय भी सुरक्षित होते हैं।

CISA सभी को हमारी साइबर सिक्योरिटी जागरूकता माह वेबसाइट पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें टूलकिट, टिप शीट, और एनिमेटेड वीडियो शामिल हैं।

###